हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

12 छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश



12 डेरा में विकलांगता निवारण शिविर शुरू



## खबर संक्षेप

### चोरों ने तीन खेतों को बनाया निशाना

**फतेहाबाद।** चोरों ने भूना क्षेत्र में तीन खेतों में घुसकर वहां से सोलर प्लांटों से हजारों का सामान चोरी कर लिया। पहले मामले में गांव खजूरी जाटी के खेत में लगे सोलर प्लांट से अज्ञात चोर हजारों रुपये की सोलर प्लेंटे चोरी कर ले गए है। इस बारे भूना पुलिस को दी शिकायत में गांव खजूरी जाटी निवासी पवन कुमार ने कहा है कि उसे अपने खेत में साढ़े 7 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया हुआ है। बीती रात अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गया और वहां से 3 सोलर प्लेटें चोरी कर ले गए।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली

**रतिया।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई ने स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करने के लिए रैली और शपथ ग्रहण करवाया गया। जन सम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रेम मेहता ने की और संयोजन दोनों इकाई प्रभारी प्रो. प्रियंका व प्रो. बिन्दु ने किया।

### 29 बोतल अवैध शराब सहित दो दबोचे

**डबवाली।** गोरीवाला चौकी पुलिस ने 14 व चौटाला पुलिस चौकी ने 15 बोतल अवैध शराब सहित दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान सुरजीत सिंह निवासी आसाखेड़ा व कमलेश निवासी तिलहेत जिला छतरा झारखंड के रुप में हुई है। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जयबीर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### 9 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को 9 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम एएसआई राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में गश्त के दौरान दादू रोड पर मौजूद थी। इस दौरान सामने से आ हे युवक ने पुलिस की गाड़ी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास किया।

### मारपीट करने का आरोपी काबू

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया बाइक बरामद किया है। कालांवाली थाना प्रभारी चांद सिंह ने बताया कि पुलिस ने 27 मार्च 2024 को गांव रोड़ी निवासी गुरप्रीत सिंह के बयान पर उससे रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्जकर जांच आरंभ की थी। इसी जांच के चलते नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## एडीसी की ठेकेदारों को दो टूक: लिफ्टिंग तेज न हुई तो कर देंगे ब्लैक लिस्ट

# गेहूं की लिफ्टिंग तेज न हुई तो बंद होंगे मंडी के गेट, नहीं करेंगे गेहूं की खरीद

### एजेंसियों द्वारा वीरवार तक 1,31,664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अनाज मण्डी में गेहूं की लिफ्टिंग न होने से क्षुब्ध आढ़ती व्यापार मंडल के नेतृत्व में किसान विश्राम गृह में एकत्रित हो गए। व्यापार मंडल ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि शुक्रवार तक लिफ्टिंग तेज न हुई तो मंडी के सभी गेटों को बंद कर गेहूं की खरीद नहीं होने दी जाएगी। उधर, व्यापार मंडल के विरोध को देखते हुए एडीसी राहुल मोदी ने खरीद से जुड़े अधिकारियों व लिफ्टिंग ठेकेदारों को बुलाकर चेतावनी दी कि लिफ्टिंग में तेजी न लाई गई तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। खरीद एजेंसियों द्वारा वीरवार तक जिले में 1 लाख 31 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें हैफेड ने 62109 एमटी, फूड एंड सप्लाई ने 13521 एमटी, हरियाणा वेयर हारऊस ने 51851 एमटी व एफसीआई द्वारा 4183 एमटी खरीद की खरीद की गई है। जिले में जहां गेहूं की खरीद तेज हो रही है वहीं उठान न होने से किसान व



फतेहाबाद। गेहूं की बोरियों से अटी अनाज मण्डी।



फतेहाबाद। लिफ्टिंग न होने पर रोष जताते आढ़ती।

आढ़ती दोनों परेशान हैं। जिले में अब तक केवल 5 प्रतिशत यानि 6393 एमटी फसल का ही उठान हो पाया है। मण्डियों में अब भी 1 लाख 17 हजार 120 एमटी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। उधर, मौसम विभाग ने 20 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से यहां बारिश व आंधी-तूफान की आशंका जताई है, जिस कारण व्यापारी इस बात को लेकर भयभीत है कि इस समय अनाज मण्डियों में गेहूं रखने को लेकर शैड में जगह नहीं है।

**व्यापार मंडल ने हड़ताल का दिया अल्टीमेटम:** फतेहाबाद की अनाज मंडी में खरीदी गई फसल का तेजी से उठान न होने के चलते गेहूं खरीद कार्य शुरू होने के पांचवें दिन हालात बद से बदतर होने शुरू हो गए हैं। आज क्षुब्ध व्यापारी अनाज मंडी स्थित किसान रेस्ट हाऊस में इकट्ठे हुए और रोष जताया। साथ ही उन्होंने प्रशासन को शाम तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि शाम तक यदि व्यवस्था न सुधारी गई तो कल सुबह वे मंडी के सभी गेटों को बंद कर हड़ताल कर देंगे। बता दें कि फतेहाबाद में खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक 1 लाख 31 हजार एमटी गेहूं की खरीद की गई है जिसमें से केवल 5 प्रतिशत गेहूं का ही उठान हो पाया है।

### चार ठेकेदारों के पास मात्र 20 ट्रक

आढ़तियों का कहना है कि जब इस बारे ठेकेदारों से बात की तो वे गाड़ियां कम होने का रोना रो रहे हैं, इसलिए प्रशासन से वे मांग करते हैं कि जिन ठेकेदारों के पास गाड़ियां नहीं हैं, उन्हें ब्लैक लिस्टिड किया जाए। उन्होंने बताया कि चारों ठेकेदार के पास मिलाकर 20 गाड़ियां हैं। आज सुबह से दोपहर तक मात्र 14 गाडियों के गेट पास कटे हैं और शाम तक 20 ही गाड़ियां उठान कर पाएंगी। लिफ्टिंग न होने से आहत आढ़ती व्यापार मंडल अनाज मण्डी के प्रधान जगदीश भादू के नेतृत्व में एडीसी से मिले। व्यापारियों ने प्रशासन को बताया कि अनाज मण्डी गेहूं से अटी है। लिफ्टिंग मात्र 5 प्रतिशत ही हो पाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि शुक्रवार तक लिफ्टिंग तेज न हुई तो मण्डी के गेट बंद कर आढ़ती हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इसके बाद एडीसी ने खरीद से जुड़े सभी अधिकारियों व ठेकेदारों की बैठक बुलाकर खरीद व लिफ्टिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। एडीसी ने ठेकेदारों को चेतावनी दी कि अगर लिफ्टिंग में तेजी न आई तो उन्हें ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।

### प्रतिदिन 40-50 हजार बैग का उठान

इस समय मंडी में 5 लाख से अधिक बैग गेहूं के भरे पड़े हैं। प्रतिदिन यहां 40-50 हजार बैग का उठान हो रहा है। इससे मण्डी में अब गेहूं ओर आनी मुश्किल हो गई है। मौसम विभाग ने आज-कल में बारिश व अंधड़ की संभावना जताई है। मण्डी में खुले आसमान के नीचे गेहूं पड़ा हुआ है। अगर आंधी-बारिश में इसका नुकसान होगा तो कौन जिम्मेवार होगा। प्रशासन ने शुक्रवार तक समस्या का समाधान न किया तो आढ़ती हड़ताल कर देंगे।

*-जगदीश भादू, प्रधान व्यापार मंडल अनाजमण्डी फतेहाबाद*

## एडीसी ने मंडियों किया का निरीक्षण



**फतेहाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने वीरवार को अधिकारियों के साथ फतेहाबाद, रतिया, भूना मंडी तथा वेयर हाउस के गोदाम का निरीक्षण किया और गेहूं फसल खरीद के प्रबंधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने मंडियों में पीने के पानी, सफाई तथा शौचालय इत्यादि की मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा संबंधित मार्केट कमेटी सचिव को दिशा निर्देश जारी किए ताकि किसी भी किसान को फसल बेचने में कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े। मौके पर व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कि खरीद में कोई समस्या नहीं है खरीद अभी कुछ दिन पहले ही शुरू हुई है। एडीसी राहुल मोदी ने मौके पर ही जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक विनीत कुमार सहित जिला प्रबन्धक हैफेड व जिला प्रबन्धक हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कारपोरेशन को उठान जल्द करवाने के निर्देश जारी किए गए।

## नहीं रूक रही वाहन चोरी की घटनाएं, तीन मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में वाहन चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। गत दिवस भी चोरों ने जिले से तीन मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों में काफी रोष है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाबी कलां निवासी कीर्तन ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर भट्टूकलां के कोमल पैलेस में आयोजित एक शादी समारोह में भाग लेने गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को पार्किंग में खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास मोटरसाइकिल की तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने गांव नूरकी अहली निवासी अमन कुमार की शिकायत पर फतेहाबाद में पीएनबी बैंक के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में रतिया पुलिस ने कैथल के गांव बड़सीकरी निवासी कुलदीप शर्मा की शिकायत पर रतिया से मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। कुलदीप ने कहा कि वह अन्नपूर्णा फाइनेंस कम्पनी में काम करती है और उसकी डयूटी रतिया ब्रांच में है।

## लूट की योजना बनाते चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस की टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शहर के हिसार रोड दिल्ली पुलिया क्षेत्र के एक सुनसान मकान से लूट की योजना बनाते हुए चार युवकों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन कुमार पुत्र नगेंद्र सिंह, सूरजभान पुत्र चंद्रभान निवासी खैरपुर तथा रोहिन पुत्र देवेंद्र सिंह व राहुल पुत्र जसपाल सिंह निवासी गांव कंगनपुर जिला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो कापे व दो तलवारे बरामद की है। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम गश्त के दौरान शहर के हिसार रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि कुछ युवक दिल्ली पुलिया के पास एक सुनसान मकान में हथियारों के साथ मौजूद है तथा आने जाने वाले राहगीरों को लूटने की फिराक में है। इस सूचना को पाकर उप निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में



सिरसा। लूट की योजना बनाते पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

पुलिस टीम ने मौका पर दबिश देकर वहां पर मौजूद चार युवकों को मौका से काबू कर लिया जबकि दो अन्य युवक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौका से भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने युवकों के खिलाफ सिविल लाइन थाना में विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मौका से फरार हुए दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## स्कूल बस व ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर, बस खाली होने से बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/टोहाना

महेन्द्रगढ़ में हुए स्कूल बस हादसे में मासूम बच्चों की मौत के बाद एक तरफ जहां जिला प्रशासन स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर आ रहा है वहीं कुछ स्कूल संचालक इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वीरवार को भी जिले के शहर टोहाना में डीएवी स्कूल की बस हादसे का शिकार हो गई। यहां स्कूल बस और ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर हो गई। गनीमत यह रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय स्कूल बस में कोई बच्चा नहीं था, जिस कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। इस मामले में जहां स्कूल





फतेहाबाद। टोहाना में आपस में टकराई स्कूल बस व ट्रैक्टर-ट्राली।

- डीएवी स्कूल की बस हादसे का शिकार हो गई

बस चालक ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है वहीं ट्रैक्टर चालक ने स्कूल बस चालक पर गलत दिशा से आने की बात कही।

मिली जानकारी के अनुसार टोहाना के डीएवी स्कूल की बस वीरवार को टोहाना के हिसार रोड बाइपास की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से बस की साइड लग गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद दोनों चालकों में बहसबाजी शुरू हो गई और दोनों चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही के आरोप लगाए। स्कूल बस चालक धीरज का कहना है कि वह बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद बस की पासिंग के लिए बस में टेक्निकल चीजें पूरे करवाने के लिए मैकेनिक के पास जा रहा था। इस दौरान वह सामने आ रही ट्रैक्टर ट्राली को हॉर्न बजाता रहा लेकिन ट्रैक्टर चालक स्पीकर पर गाने सुनता हुआ आया और बस में पिछली साइड टक्कर दे मारी। दूसरी तरफ ट्रैक्टर चालक रामनिवास का कहना है कि वह अपनी साइड से ही जा रहा था लेकिन बस चालक ने गलत दिशा में बस लाकर ट्राली के साथ दुर्घटना कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों का भी यही कहना था की ट्राली अपने साइड में जा रही थी और बस गलत दिशा में आकर ट्राली से टकराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



टोहाना। सरकारी स्कूल में छात्राओं को जागरूक करते इंस्पैक्टर सरोज।

### छात्राएं अपनी ताकत को पहचानें : इंस्पेक्टर सरोज

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा निर्देश में पुलिस की महिला जागरूकता टीम की इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोहाना में स्कूली छात्राओं को सेल्फ डिफेंस, डायल 112, साइबर क्राइम, गुड टच व बेड टच के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया। इंस्पेक्टर सरोज ने विद्यालय में उपस्थित सभी छात्राओं व स्कूल स्टाफ को डायल 112 ऐप के बारे में जानकारी दी, जिसका उचित प्रयोग करने का तरीका बताया ताकि मुसीबत के समय जल्द से जल्द पुलिस की सहायता ली जा सके। उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी भी तरह की कोई आफत या परेशानी से घबराएं नही बल्कि साहस, धैर्य व आत्मविश्वास के साथ मुसीबतों का सामना करे। जीवन बड़ा ही कीमती है इसको स्वस्थ व सुरक्षित रखें।

## जिले में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम का प्रभाव देखने को मिल रहा है। गांव हो या शहर चारों ओर सिरसा का अभिमान-शत प्रतिशत मतदान अभियान की गूंज सुनाई दे रहे रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह के मार्गदर्शन में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) के तहत जिला में मतदाता जागरुकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। स्वीप के नोडल अधिकारी व अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि जिला





सिरसा। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते स्कूली बच्चे।

प्रशासन द्वारा लोकतंत्र का पर्व-देश का गर्व मुहिम के तहत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। चुनाव का पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें हर एक मतदाता शामिल होकर लोकतंत्र की मजबूती की नींव रखता है। विविधताओं से भरे अद्भुत राष्ट्र को एक रंग से जोड़ने और सभी का इसमें समावेश करने वाले चुनाव के इस पर्व पर देश को गर्व है। जिला प्रशासन द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

## सीमा संस्कार स्कूल के संचालक ने स्वयं को गोली मारकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के एक निजी स्कूल संचालक राघव बत्रा द्वारा आत्महत्या करने का समाचार है। राघव बत्रा का शव डीएवी स्कूल के पास कार से बरामद हुआ है। बताया जाता है कि राघव ने स्वयं को लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या की है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया है। राघव बत्रा की मौत की सूचना मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार मॉडल टाऊन निवासी राघव बत्रा शहर के भट्टू रोड पर सीमा संस्कार नामक से स्कूल का संचालन करते थे। उनके साथ उनके पिता वेदप्रकाश बत्रा भी स्कूल संचालक में मदद करते थे। बताया जाता है कि स्कूल के संचालन को लेकर उनका अपने पिता के साथ विवाद चल रहा था। वेदप्रकाश बत्रा जहां राघव के साथ अपनी बेटी को संचालन का जिम्मा सौंपना चाहते थे जबकि राघव स्वयं अकेला स्कूल चलाना चाहता था। बताया जाता है कि इसी विवाद को लेकर कुछ दिन पूर्व पंचायत भी हुई थी। वीरवार को डीएवी स्कूल के पास एक कार खड़ी थी।

## सड़कों पर सूखे पेड़ दे रहे हादसे को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

भले ही हरे-भरे पेड़-पौधे जिंदगी देते हो लेकिन सूखे पेड़ जान भी ले सकते हैं, ऐसा ही मामला नाथूसरी चौपटा खंड की सडकों का हैं। इन सड़कों के दोनों किनारों पर सूख चुके पेड़ ऐसी घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं, लेकिन फिर भी सूखे पेड़ों पर ना तो वन विभाग का ध्यान है और न ही स्थानीय प्रशासन का। गिगोरानी से हंजीरा सड़क के किनारे सूखे पड़े है। बरसात के दिनों में इन सूखे पेड़ों के गिरने का खतरा होता हैं। वन विभाग इन पेड़ों को कटवाने को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रहे है। लोगों की मानें तो मौसम के मिजाज के मुताबिक चलने वाली तेज हवा से ये पेड़ कभी गिर सकते हैं। आंधी चलने से इन सूखे पेड़ों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिससे सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों को जान-माल का नुकसान हो सकता है। ऐसा ही हादसा खंड के गांव गुडियाखेडा निवासी ताराचंद के साथ हुआ जो कि गुडियाखेडा से बकरियांवाली मार्ग से गुजर रहा था तो अचानक सूखा पेड़ उस पर आ गिरा जिससे वह अपाहिज हो गया। गिगोरानी निवासी समाजसेवी विनोद कुमार ने सड़क के किनारो पर खड़े सूखे पेड़ों को हटाने के लिए मांग की है। इस संबंध में विभाग के जिला वन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि पिछले 4 साल से भारत सरकार से मंजूरी नहीं आई अब मंजूरी आ चुकी है अभी सभी पेड़ों पर नंबरिंग का कार्य चल रहा है जो की 31 मार्च तक पूरा करना था लेकिन यह कार्य अप्रैल में पूरा हो जाएगा।



सिरसा। गिगोरानी से हंजीरा मार्ग पर खडे सूखे पेड़।

### मुआवजा वितरण को लेकर मिल रही थी शिकायतें

## सीएम फ्लाइंग ने डीआरओ कार्यालय में की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुआवजा वितरण को लेकर मिल रही शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए वीरवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने लघु सचिवालय स्थित जिला राजस्व विभाग के दफ्तर में छापेमारी की। इस दौरान सीएम फ्लाइंग टीम के साथ गुप्तचर विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा राजस्व विभाग में कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर के अलावा किसानों को दिए जाने वाले मआवजा, विभाग द्वारा किए जा रहे कायार्ें का रिकार्ड चैक किया। सीएम फ्लाइंग की छापेमारी की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग कार्यालय के अलावा लघु सचिवालय स्थित अन्य विभागों के कर्मचारियों में हडकंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम को जिला राजस्व विभाग में कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायतें मिल रही थी। इन्हीं शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम ने उपनिरीक्षक सुरेन्द्र ढांडा के नेतृत्व में वीरवार को इस विभाग में दबिश दी और जांच पड़ताल की। उनके साथ एएसआई अनिल कुमार व जिला खजाना अधिकारी राजेश कुमार भी मौजूद रहे।

जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा जहां कर्मचारियों की हाजिरी चैक की गई वहीं वर्ष 2022, 23 में किसानों के लिए कितना मुआवजा आया, कितना मुआवजा किसानों को बांटा गया, बकाया राशि कहां है और कितनी राशि लैप्स हुई है, इसके बारे में जांच पड़ताल की गई। इसके अलावा इम्पाऊंटिड रजिस्ट्री कितनी है, जिस पर ऐतराज मांगे है, उसके कागजात भी मांगे गए हैं। बता दें कि कुछ दिन पूर्व भी सीएम फ्लाइंग टीम ने सिंचाई विभाग कार्यालय में भी छापेमारी कर कर्मचारियों की हाजिरी व रिकार्ड की जांच की थी। बता दें कि पिछले दिन रतिया हलके के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष भी मुआवजा वितरण नहीं होने का मामला रखा गया था। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के सदस्यों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों से मुआवजा वितरण की जानकारी ली।



फतेहाबाद। जिला राजस्व विभाग कार्यालय में जांच पड़ताल करते सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य।

विशेषः विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

# कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन



बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।

जंतु जगत
शिखर चंद जैन

पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-

**होती हैं कई प्रजातियांः** पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।



**शानदार तैराक :** पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।



**कुशल गोताखोरः** ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।

**छिपने की कुदरती क्षमताः** पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।

**खारा पानी पीने में सक्षमः** पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

**रहते हैं झुंड मेंः** पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

## बदलते हैं आवरण

बच्चों, जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।





# अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

**किताबों का महत्व :** किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**मिलती हैं नई जानकारियां :** किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलती है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

**कॉमिक्स और पत्रिकाएंः** किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

**शेयर करके पढ़ें किताबेंः** हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

**सबसे अच्छी दोस्तः** किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *

## जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर :** 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम, 9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले :** येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-रोशनी, भोपाल

**टीचर :** मोबाइल की खोज किसने की?
**नैंसी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**नैंसी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
-आयुष, कोंडागांव

**मम्मी :** दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
**नव्या :** इसे पी लेना चाहिए।
-अदिति, रोहतक


**रोहन :** तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
**सोहन :** (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
-मनन, दुर्ग

कहानी
अंजना मनोज गर्ग

विशेषः पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?

# भोलू का अपना घर



भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला, 'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय



## हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

## रंग भरो-148

**रंग भरो-148** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



यशिका, बिलासपुर



सुयश, बिलासपुर



लक्षित, रोहतक



कल्पित, रोहतक



भावन्या, भिलाई

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया

## रंग भरो 149



बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : 1.D, 2.C, 3.A, 4.B

## खबर संक्षेप

### 260 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**हांसी।** हांसी पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने 260 ग्राम गांजा सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई महिला आरोपिया की पहचान रोहतक जिले के गांव इंद्रगढ़ निवासी मन्जू उर्फ भतेरी के रुप में हुई। एएनसी स्टाफ के एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि एएनसी स्टाफ को सूचना मिली थी कि एक महिला हांसी ऑटो मार्केट में नशीला पदार्थ बेच रही है। सूचना के आधार पर स्टाफ टीम ने तुरंत ऑटो मार्केट पहुंचकर महिला को 260 ग्राम गांजा सहित पकड़ लिया।

### देसी शराब की 300 बोतल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** हांसी पुलिस की वाहन चोरी निरोधक दस्ता की टीम ने अवैध देशी शराब की 300 बोतल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपी की पहचान बवानी खेड़ा निवासी संजय के रूप में हुई है। वाहन चोरी निरोधक दस्ता में तैनात एएसआई संजय ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान हुडा सेक्टर 6 में शक के आधार पर एक गाडी को रोककर तलाशी ली तो गाडी के अन्दर अवैध देसी शराब की 300 बोतल मिली। गाड़ी चालक से जब शराब ले जाने का परमिट या लाइसेंस दिखाने के लिए कहा गया तो वह कोई संतोषजनक जवाब नही दे पाया। पुलिस टीम ने पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से 300 बोतल अवैध देशी शराब व गाडी को कब्जा में ले लिया।

### जुआरियों को काबू कर 43 हजार 780 किए बरामद

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने गांव मतलोढ़ा के खेतों से जुआ खेलते हुए नौ व्यक्तियों को काबू कर 43 हजार 780 रुपए बरामद किए है। मुख्य सिपाही राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव मतलोढ़ा के खेतों में कुछ लोग ताश के पत्तों पर दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। टीम ने मौके पर पहुंचकर जुआ खेल रहे 9 व्यक्तियों को काबू कर जुआ में प्रयोग 43 हजार 7800 रुपए और ताश के पत्ते बरामद किए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम जींद के घासो निवासी संदीप, मोरपट्टी निवासी राकेश, सुरबाडा निवासी मंगल, वार्ड नंबर 11 बरवाला निवासी कृष्ण, करसिंधु निवासी राजकिशन, सुरवारा निवासी कृष्ण, डाटा निवासी सुनील, मतलोढा निवासी साधुराम और उचाना मंडी निवासी ईश्वर बताया।

### स्वामी सत्यानंद महाराज के प्रवचन आज से

**हिसार।** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा के तत्वाधान में स्वामी सत्यानंद महाराज के प्रवचन 19 से 25 अप्रैल तक देवी भवन में स्थित नए भवन में होंगें। संस्था के प्रमुख कार्यकर्ता राकेश गर्ग ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज वृन्दावन वालों की सत्पेरणा व उन्ही के कृपापात्र सोरहम पीठाधीश्वर सत्यानंद महाराज की अध्यक्षता में यह आयोजन किया जा रहा है।साथ में अन्य संतों के मुखारबिंद से सत्संग सुनने का अवसर प्राप्त होगा। राकेश गर्ग ने बताया कि 19 से 25 अप्रैल तक प्रतिदिन सायं 3 से 4 महिला संकीर्तन होगा। इसके अलावा सायं 4 से 6 बजे तक संतों के प्रवचनों का कार्यक्रम रहेगा। इसके अलावा सम्मेलन में आए संतो के लिए प्रतिदिन शुद्ध भंडारे का आयोजन भी रहेगा।

## दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही

# नगर पालिका ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

अभियान के दौरान नगरपालिका कर्मियों ने दुकानों के बाहर पड़े बोर्ड आदि सामान को कब्जे में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

शहर में आए दिन बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर वीरवार को नगरपालिका की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसे लेकर दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अभियान के दौरान नगरपालिका कर्मियों ने दुकानों के बाहर पड़े बोर्ड आदि सामान को कब्जे में लिया। शहरवासियों ने नगरपालिका अधिकारियों पर अभियान के नाम पर खानापूर्ति व भेदभाव करने के आरोप लगाए। नपा द्वारा आज बस स्टैंड, चंडीगढ़ रोड, जिंदल रोड सहित अन्य जगहों पर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। इस अभियान की कार्रवाई को लेकर दुकानदारों में हडकंप मच गया ओर दुकानदारों ने दुकान के बाहर पड़ा सामान जल्दी-जल्दी अंदर रख लिया, वहीं पालिका कर्मियों ने दुकानों के बार रखे बोडार्ं को कब्जे में लेकर ट्राली में रख लिया।



जाखल। अतिक्रमण हटाते नपा कर्मचारी।

### दुकानदारों ने जताया रोष

नपा द्वारा वीरवार को की गई इस कार्यवाही को लेकर दुकानदारों में रोष बना हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि नपा प्रशासन द्वारा सरेआम धक्का किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर कोई भी सूचना नही दी गई। बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा इसे लेकर सुबह शहर के अतिक्रमण हटाने को लेकर मुनायदी करवाई गई थी। जिसके बाद यह कार्यवाही अमल में लाई गई है।

### क्या कहते है नपा जेई

शहर के चंडीगढ़ रोड पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने को लेकर हर समय शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है, जिसे लेकर आए दिन जाम की शिकायतें नपा प्रशासन के पास आ रही थी। इसी के चलते नपा द्वारा रेलवे रोड, चंडीगढ रोड, नगरपालिका रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। साथ ही दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि अगर कोई दुकानदार फिर से अतिक्रमण करता है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**रविकांत जेई, नगर पालिका जाखल**

# भाजपाइयों ने एससी समाज को सरकार की उपलब्धियों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फतेहाबाद भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में हर बूथ पर भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा 6-6 मीटिंग लेने का अभियान शुरू किया गया। इन बैठकों में भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों, एससी समाज के लोगों, बीसी समाज के लोगों, युवा, महिला, किसान व मजदूर वर्ग के लोगों से मुलाकात कर पीएम मोदी द्वारा भेजी गई 'राम-राम' दी जाएगी तथा सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं व संकल्प पत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसी कड़ी में आज भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने स्वयं रतिया के इम्पलॉय कॉलानी में बूथ नम्बर 70 पर एससी समाज के लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने पीएम मोदी की ओर से सभी को राम राम कही और भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं के बारे में बताया।

### विभिन्न योजनाएं धरातल पर लागू की

जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में एससी, बीसी, युवा, महिला, किसान व मजदूर हर वर्ग के लोगों के उत्थान व उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं धरातल पर लागू की है। पिछड़े वर्ग के लोगों स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देकर सरकार ने उन्हें आत्म निर्भर बनाया है तथा स्वरोगार के लिए भाजपा सरकार ने उन्हें आवश्यकतानुसार अनुदान राशि भी दी है। युवाओं को कौशल योजना के तहत प्रशिक्षित कर उन्हें स्वरोजगार बनाया है। नारी शक्ति वंदन के तहत महिलाओं का हर क्षेत्र में सम्मान किया है। बलदेव ग्रोहा ने लोगों से आह्वान किया कि इस लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए अपना एक एक कीमती वोट भाजपा को देकर राष्ट्र निर्माण में अपना दायित्व निभाएं।

# भट्टूकला में प्रॉपर्टी डीलर एसो. की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन की वीरवार को मीटिंग हुई। बैठक में प्रॉपर्टी का काम करने वाले सदस्यों, एडवाइजर व आमजन की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। इसके तहत 20 अप्रैल शनिवार को गोविंद पैलेस भट्टू में एक संयुक्त मीटिंग बुलाने का निर्णय लिया गया। आज हुई बैठक में तीन मुख्य एजेंडों को शामिल किया गया और मांग की गई कि भट्टू कलां को कंट्रोल एरिया से मुक्त किया जाए। अनाज मंडी भट्टू में दुकानों की रजिस्ट्री में जितने क्षेत्र की रजिस्ट्री हो, उतने क्षेत्र के हिसाब से स्टाम्प ड्यूटी लगनी चाहिए तथा हर साल जमीन व प्लाटों के कलेक्टर रेट न बढ़ाए जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मीटिंग में अर्जुन सिंह राठौड़, नरेश गोयल, सतपाल बंसल, सुभाष गोयल, नरेंद्र लूणा, अजय राठौड़, पूर्व जिला परिषद सदस्य अजीत माचरा, पूर्व जिला परिषद सदस्य सतपाल शर्मा मेहूवाला, विजेंद्र सिंह, कर्ण सिंह, लवली बजाज, राममूर्ति भांभू सहित अन्य मौजूद थे। प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन ने बताया कि भट्टूकलां में प्रॉपर्टी को लेकर अनेक प्रकार की समस्या आती है, लेकिन उनके समाधान की तरह प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे डीलरों में काफी रोष है।

### मजदूरों के ऑटो को टक्कर मारने का आरोपी आयसर चालक गिरफ्तार

**हिसार।** कैंट स्थित चांद सितारा होटल के पास आयशर कैंटर द्वारा ऑटो को टक्कर मारने के मामले में आरोपी कैंटर चालक रोहतक के चुलिया कलां निवासी धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। एएसआई रविंद्र ने बताया कि आयशर कैंटर और ऑटो के बीच हुए एक्सीडेंट में लाडवा निवासी मनरेगा मजदूर बलबीर की मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में ऑटो चालक लाडवा निवासी सूरजमल ने शिकायत दी थी कि वह बुधवार सुबह अपनी ऑटो में लाडवा से सातरोड नहर पर मनेरगा के मजदूरों को लेकर जा रहा था। चांद सितारा होटल के नजदीक पहुंचे तो पीछे से आयसर कैंटर ने ऑटो में टक्कर मार दी।

# चार महीने बाद भी गिरफ्तारी नहीं

नर्स दुर्गा देवी कथित हत्या मामले को लेकर एसपी से मिले पीड़ित, जांच आईपीएस को सौंपने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आदमपुर थाना के तहत आने वाले बगला रोड स्थित एक निजी अस्पताल की नर्स दुर्गा देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले में चार महीने बाद भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से असंतुष्ट पीड़ित पक्ष गुरुवार को एसपी मोहित हांडा से मिला। पंजाब के मुक्तसर निवासी पीड़ित पक्ष की बिमला देवी ने अपनी शिकायत में एसपी को बताया कि उनकी बेटी दुर्गा देवी बगला रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स थी। पिछले साल आठ दिसंबर की रात्रि उसकी ड्यूटी के दौरान उसी निजी अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। मृतक दुर्गा देवी का हिसार शहर के एक युवक से प्रेम प्रसंग था। दोनों की बात बिगड़ने पर हालत बिगड़े थे। पीड़ित पक्ष ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को कई बयानों के साथ सबूत भी पेश किए थे लेकिन आदमपुर थाना पुलिस हर बार एफएसएल रिपोर्ट आने का बहाना बनाकर आरोपी की गिरफ्तारी नही कर रही। मृतका की मां व्यथित बिमला देवी ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए इस मामले की जांच किसी आईपीएस अधिकारी से करवाने की गुजारिश की। पीड़िता को एसपी ने उचित आश्वाशन देकर जांच आईपीएस से करवाने की हामी भरी।



हिसार। पुलिस अधीक्षक से मिलने आए परिजन।



# मंजू सहरावत ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी की हैंडबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता

**उकलाना मंडी।** खंड के गांव बिठमड़ा की बेटी मंजू सहरावत ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी की हैंडबॉल प्रतियोगिता में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका स्वागत किया और महिलाएं गीत गाती हुई उसे डीसीएम स्कूल तक तक लेकर गई। मंजू सहरावत ने 12वीं कक्षा की परीक्षा इसी स्कूल से पास की है। स्कूल के अध्यक्ष संजय डीसीएम कहा कि यह गौरवमयी क्षण है कि उनके स्कूल से प्रशिक्षित छात्रा ने देश में प्रथम लहराया है। उनका प्रयास है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा इस स्कूल में मिले जिससे क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में अग्रणीय हो। इस अवसर पर मंजू सहरावत ने कहा कि डीसीएम स्कूल में उनको हमेशा स्पोर्ट किया है और उनके माता-पिता ने सहयोग देते हुए इस प्रतियोगिता में कांस्य पद हासिल करने में कामयाब हुई हैं। प्रमुख समाजसेवी सतीश जांगड़ा ने कहा की डीसीएम स्कूल खेलों में पदक लाने की फैक्ट्री बन चुका है और अच्छे स्तर पर पदक ले उसके लिए उनको शुभकामनाएं। स्कूल के प्रशिक्षक कपिल कुमार को भी शुभकामनाएं दी।

# पिस्तौल के बल पर बदमाशों ने नकदी व मोबाइल छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने चाय व जूस की रेहड़ी पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पिस्तोल व तेजधार हथियार दातर के बल पर रेहड़ी पर मौजूद बीए फाइल के छात्र से 2400 रुपए की नकदी व बीड़ी सिगरेट के पैकेट लूट लिए और फरार हो गए। सदर थाना सिरसा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मीरपुर निवासी संदीप कुमार ने बताया कि नेशनल कॉलेज सिरसा में बीए फाइनल ईयर में पढ़ता है। संदीप का कहना है कि उसके बड़े भाई उमाशंकर की डबवाली रोड पर चाय व जूस की रेहड़ी है। बीती रात करीब 9 बजे वह अपने बड़े भाई के पास पहुंचा। इसके बाद उसका भाई किसी काम से घर चला गया और वह रेहड़ी पर काम संभालने लगा। संदीप के अनुसार रात करीब 10 बजे स्कूटी पर सवार तीन युवक रेहड़ी पर आए और उससे बोले कि चाय पिला दोगे क्या। संदीप का कहना है कि जैसे ही उसने चाय बनाने वाले बर्तन में पानी डाला इसी दौरान एक युवक ने पीछे से आकर उस पर पिस्तोल तान दी और दूसरे युवक ने तेजधार हथियार निकाल लिया। इसके बाद तीनों युवकों ने उससे कहा कि जेब में जितने रुपए हैं, निकालकर दे। संदीप का कहना है कि उसकी जेब में 2400 रुपए थे जो डर के मारे उसने बदमाशों को दे दिए। इसके बाद तीनों बदमाश रेहड़ी पर रखे हुए बीड़ी-सिगरेट के पैकेट व उसका मोबाइल छीनकर ले गए।

# फतेहाबाद में 10 को महापंचायत

- पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति करेगी महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की ओर से 10 मई को फतेहाबाद अनाज मंडी में किसान-मजदूर महापंचायत की जाएगी। पंचायत में किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसान के परिवारों को भी बुलाया जाएगा। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष मनदीप सिंह नथवान व राज्य महासचिव संदीप सिवाच ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान ने बताया कि पिछले 5 वर्षों के दौरान किसानों ने काफी लंबे संघर्ष किए हैं। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ ऐतिहासिक किसान आंदोलन 13 महीने तक चला और उसी दौरान हरियाणा और पंजाब के लगभग 750 किसान शहीद हुए। किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपने क्लेम को लेने के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी । किसानों के इन्हीं मांग मुद्दों को चुनाव के मुद्दे बढ़ाने और सरकार द्वारा किसानों के साथ किए गए सुलूक को किसानों को याद दिलाने के लिए 10 मई को फतेहाबाद की अनाज मंडी में विशाल किसान व मजदूर महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। किसान सवाल जवाब ना करें इसलिए सरकार किसान आंदोलन के लोगों को मुकदमा, जेल का डर दिखाकर धमका रही है।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते किसान नेता। *फोटो: हरिभूमि*

# फ्री मेडिकल कैंप का 235 ने उठाया लाभ

- श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट ने मतलोढा में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट बरवाला के तत्वावधान में अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत गांव मतलोढा में स्व.चौधरी रिसाल सिंह की पुण्यतिथि पर विशाल फ्री मेडिकल कैंप और आंखों के ऑपरेशन एवं चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप के शुभारंभ पर ग्रामीणों ने स्व. रिसाल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कैंप के संयोजक पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है। इस ट्रस्ट द्वारा अधिकतर मेडिकल कैंप ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाते हैं। इन कैंपों से हजारों जरूरतमंद लोगों को लाभ मिला है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है, जिसके चलते ग्रामीण अपने स्वास्थ्य को लेकर अनदेखी करते हैं, जिससे बीमारी बढ़ जाती है। ट्रस्ट भविष्य में इस प्रकार के मेडिकल कैंपों का आयोजन करेगा। इस कैंप में 235 ओपीडी हुई हैं और डा. अमन बरवाला, डा. रिपन कामरा, डा. ज्योति, डा. रमन, लैब टेक्नीशियन डॉ. शिव कुमार कौशिक आदि ने अपनी सेवाएं दी। कैंप में गुर्दे की पत्थरी, प्रोस्टेट संबंधित बीमारी, पेशाब की नली का सिकुड़ने, पेशाब मार्ग का कैंसर, साइनोसाईटिस, नाक, कान की हड्डी का टेढ़ापन, कमर दर्द, गर्दन दर्द, जोड़ों का दर्द व नवजात शिशुओं से संबंधित बीमारियों की जांच की गई।



बरवाला। मेडिकल कैंप में मरीजों की जांच करती चिकित्सक। *फोटो: हरिभूमि*

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जगबीर फौजी, पूर्व चेयरमैन ईश्वर सिंह पुनिया, प्रहलाद सिंह, अतर सिंह, ईश्वर सिंह, जिले सिंह, रामकेश केशी पुनिया, महेन्द्र सिंह, प्रेम शर्मा, रघुबीर शर्मा, मंगल सिंह, रणजीत सिंह व मास्टर ईश्वर सिंह समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# हांसी में जजपा शहरी प्रधान राहुल मक्कड़ ने छोड़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जननायक जनता पार्टी को उस समय करारा झटका लगा जब पार्टी के शहरी प्रधान राहुल रविन्द्र ने पार्टी को अलविदा कह दिया। जजपा शहरी प्रधान राहुल मक्कड़ ने पार्टी अध्यक्ष अजय चौटाला को अपना त्यागपत्र पत्र भेजा है। पार्टी अध्यक्ष अजय चौटाला को भेजे गए पत्र में कहा कि मैं अपने निजी कारणों से जननायक जनता पार्टी के हलका प्रधान के पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देता हूं। हालांकि राहुल मक्कड़ के पार्टी छोड़ने के कयास उस समय से लगाए जा रहे थे जब कांग्रेस राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा अचानक रात के समय उनसे मिलने के लिए उनके घर पहुंचे थे। तब राहुल मक्कड़ ने यह कहते हुए पार्टी छोड़ने से मना कर दिया था कि दीपेंद्र हुड्डा के साथ उनके पारिवारिक रिश्ते हैं और वे उनकी बहन की शादी में शरीक नहीं हो पाए थे, इसलिए आज वो बहन की शादी की बधाई देने के लिए यहां आए थे।

### कांग्रेस में जा सकते हैं

राहुल के पार्टी छोड़ने की आशंका के चलते दुष्यंत चौटाला भी उन्हें कई बार यह नसीहत दे चुके थे कि एक स्थान पर पड़ा हुआ पत्थर भारी होता है तथा जगह जगह भटकने वाले व्यक्ति की अहमियत नहीं रहती है। दुष्यंत चौटाला की सीख को दरकिनार करते हुए राहुल मक्कड़ ने पार्टी अध्यक्ष अजय चौटाला को अपना इस्तीफा भेज पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। राहुल पिछले कई दिनों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क थे और वे जल्द कांग्रेस ज्वाइन करने वाले हैं।

### रिटायर्ड कर्मी नामांकन के दौरान रोष-प्रदर्शन करेंगे

**हिसार।** रिटायर्ड कर्मचारी तालमेल कमेटी, हरियाणा की जिला कमेटी की मासिक बैठक गुरुवार को बस स्टेंड परिसर स्थित रोडवेज कर्मचारी यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान नरेश गोयल ने की जबकिसंचालन राजबीर सिंधु ने किया। बैठक में मजदूर, किसान व कर्मचारी संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से मधुबन पार्क में मनाए जाने वाले मई दिवस में बढ़-चढकर भागीदारी करने का निर्णय लिया गया। कमेटी के जिला संयोजक राजपाल नैन ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित मांगों पर भाजपा-जजपा सरकार द्वारा चुप्पी साधे जाने पर रोष प्रकट किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि लोस चुनाव को लेकर जब भाजपा-जजपा के उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिस दिन लघुसचिवालय में चुनाव अधिकारी के पास जाएंगे। बैठक में राजपाल नैन, ओमप्रकाश मुंजाल, करण सिंह राठौर, केएल ग्रोवर, चंद्रभान, मनीराम, उदयवीर दूहन, महेंद्र सिंह स्याहड़वा, एमएल सहगल आदि मौजूद थे।

## बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार करियर चुनने दें

# अग्रवाल सभा ने कोमल गर्ग को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सिरसा की बेटी कोमल गर्ग को वीरवार को अग्रवाल सभा सिरसा की ओर से अग्रसेन कॉलोनी स्थित उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल सभा के प्रधान गौरव अग्रवाल ने कहा कि कोमल गर्ग ने अपनी मेहनत से न केवल अपने अभिभावकों, बल्कि सिरसा के अग्रवाल समाज का नाम पूरे देश में रोशन किया है। अग्रवाल समाज के लिए ये गर्व का विषय है। इस सफलता के पीछे बिटिया की मेहनत, अभिभावकों का सहयोग व प्रोत्साहन है जिसकी बदौलत कोमल गर्ग ने सफलता का यह मुकाम छुआ है। इस मौके पर महासचिव अंजनी कनोडिया ने कहा कि अग्रवाल समाज के लिए गौरव का विषय है। कोमल गर्ग की सफलता दूसरे युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने अभिभावकों को अपने संदेश में कहा कि वे बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार करियर चुनने दें ताकि वो अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकें।



सिरसा। अग्रवाल सभा कोमल गर्ग को सम्मानित करते हुए।

### ये रहे मौजूद

उपप्रधान प्रेम कंदोई ने कहा कि कोमल गर्ग ने पूरे हरियाणा व देश में अग्रवाल समाज का नाम रोशन किया है। उनकी मनोकामना है कि वो आगे चलकर और तरक्की करे और समाज का नाम रोशन करे। इस मौके पर कोमल गर्ग के पिता संजय गर्ग एवं माता चंचल गर्ग ने सम्मान के लिए अग्रवाल सभा सिरसा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी हौंसला अफजाई से दूसरे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर अग्रवाल सभा के सचिव विनय मित्तल, सचिव राजकुमार सिंघल, सुरेश गोयल, संजय गोयल, नरेश कुमार, अजय डिंगवाला सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कल से

**सिरसा।** श्रीराम नाम प्रभात फेरी चेरिटेबल ट्रस्ट सिरसा की ओर से पांच दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक श्री सालासरधाम मंदिर सिरसा में किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जलराम व पंडित जवाहर लाल ने संयुक्त रूप से बताया कि पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

### हनुमान प्रकटोत्सव 23 को मनाया जाएगा

**ओढां।** श्री अखंड ज्योति संकट मोचन हनुमान मंदिर ओढां नजदीक पेट्रोल पंप में श्री हनुमान प्रकटोत्सव का भव्य आयोजन 23 अप्रैल को बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट के उपप्रधान सहदेव गोदारा ने बताया कि इस दिन सुबह 7:15 बजे हनुमान जी के स्वरूप को विधिपूर्वक स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाये जाएंगे। उसके बाद 8:15 बजे हवन यज्ञ होगा और शाम को हर महीने की तरह 4:15 भंडारा शुरू हो जायेगा।

### डोडापोस्त सहित तीन महिलाएं काबू

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक ब्यूरो की टीम ने बृहस्पतिवार को अंबेडकर चौक के समीप तीन महिलाओं को डोडापोस्त सहित काबू किया है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक ब्यूरो की टीम गश्त के दौरान अंबेडकर चौक के समीप मौजूद थी। इसी दौरान बैग लेकर जा रही तीन महिलाएं पुलिस पार्टी को सामने देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगी। पुलिस टीम ने राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तीनों महिलाओं के बैग की तलाशी ली तो जसप्रीत कौर के बैग से 5 किलोग्राम डोडापोस्त, मनदीप कौर के बैग से 4 किलोग्राम व प्रकाश कौर के बैग से 2 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ।

### विहिप नेता रामकिशन बाघला के निधन पर शोक

**रतिया।** विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय नेता विद्या सागर बाघला एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विज्ञान सागर बाघला के पिता एवं श्री रामजन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रामकिशन बाघला के निधन पर सांसद सुनीता दुग्गल, विधायक लक्ष्मण नापा, एससी आयोग के चेयरमैन प्रोफेसर रविन्द्र बलियाला, हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुल्लां, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा सहित अनेक नेताओं ने शोक जताया।

### जिले से विवाहिता सहित दो लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग जगहों से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सनियाना निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 40 वर्षीय पत्नी गत दिवस दोपहर करीब 12 बजे बिना बताए घर से चली गई है और वापस नहीं लौटी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फतेहाबाद।** रतिया में एक तेजगति कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। हादसे में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने रत्ताखेड़ा निवासी सोनू सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने कैंटर चालक को 9 गोवंश सहित दबोचा

**ओढां।** पुलिस ने ओढ़ा बस स्टैंड के नजदीक 7 गायों व 2 बछड़ों से भरा एक कैंटर पकड़ा है। सहायक सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने बताया कि गश्त के दौरान वह बस-स्टॉप के पास मौजूद था कि एक मुखबिर से सूचना मिली कि एक कैंटर में गाय ठूंस ठूंस कर भरी हुई है जो डबवाली से उत्तर प्रदेश जा रहा है। पुलिस ने तुरंत डबवाली की तरफ से आने वाले वाहनों की चैकिंग करनी शुरु की तो कुछ देर बाद एक कैंटर आया तो उसकी तलाशी में गोवंश बरामद किया गया।

---

## लोकतंत्र व्यवस्था में मतदान का अहम योगदान, अवश्य करें मतदान : उपायुक्त

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश

### छात्र-छात्राओं ने 25 मई को लोकतंत्र पर्व मनाने को लेकर नाटक प्रस्तुत करके अपना संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

जिला में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के लिए चल रही स्वीप गतिविधियों में आम जनता की भागीदारी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आईजी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, टोहाना के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया।

छात्र-छात्राओं ने 25 मई को लोकतंत्र पर्व मनाने को लेकर नाटक प्रस्तुत करके अपना संदेश दिया। छात्राओं में रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रहने के बारे जागरूक किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने युवाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि लोकतंत्र में मतदान करने का बड़ा महत्व है। युवाओं को अपने मत का प्रयोग करना चाहिये और दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जनता की भागीदारी से ही लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। युवा अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर लोकतंत्र की नींव को मजबूती दे सकते हैं।


टोहाना। आईजी कॉलेज में विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाकर संबोधित करते उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल।

### जागरूक किया

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नागरिक को समान वोट का अधिकार प्राप्त है। इसलिए सभी मतदाता 25 मई को अवश्य मतदान करें। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने युवाओं को 25 मई के दिन अपने मत डालने और आमजन को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिला में स्वीप गतिविधियों के तहत जगह-जगह लगे मतदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट, स्टैंडी व प्रचार सामग्री मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

## नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने बस स्टैंड पर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**फतेहाबाद।** नेहरू युवा केंद्र व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार फतेहाबाद के स्वयंसेवकों तिक, रविंद्र कुमार व ममता द्वारा फतेहाबाद के बस स्टैंड पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बस स्टैंड पर आये हुए लोगों को एकत्रित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया और उन्हें निष्पक्ष भाव से मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सी-विजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। स्वयंसेवक रितिक व रविंद्र कुमार ने युवाओं को बताया कि हमें अपने आस पास हो रही अनैतिक गतिविधि को ध्यान में रखकर और इन गतिविधियों को रोकने के लिए इस एप के द्वारा सूचना दे सकते हैं। युवाओं को जागृत करते हुए स्वयंसेवकों ने बताया कि सरकार बनाने में आम नागरिक का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि हमारे द्वारा किये मतदान के द्वारा ही सरकार बनती व हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है।



## लोकतंत्र की स्थिरता के लिए मतदान आवश्यकः डॉ. ढींडसा



सिरसा। विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को जागरूक किया गया

जिला में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी कार्यक्रम जारी है और इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने की। जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने विद्यार्थियों को अपने संदेश में कहा कि मतदान लोकतंत्र की प्रमुख आधारशिला होता है। यह एक तरह का शक्तिशाली और सामाजिक संवैधानिक उपाय है जो समाज को सहमति से और न्यायपूर्वक चलाने का एक माध्यम प्रदान करता है। मतदान के माध्यम से लोग अपनी पसंद के अनुसार नेताओं को चुन सकते हैं और सार्वजनिक नीतियों में सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान लोगों को नेताओं का चयन करने और निर्दिष्ट नीतियों को स्वीकार करने का अधिकार प्रदान करता है। इसके माध्यम से समाज के अधिकारों की संरक्षा होती है और लोगों को सरकारी निर्णयों में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलता है। प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि लोकतंत्र एक समाज में सामाजिक समरसता, स्वतंत्रता और न्याय की मूलभूत आधारशिला होता है। इसका महत्व वहां निहित है जहां लोगों को स्वतंत्रता का अधिकार होता है और वे समाज में अपने अधिकारों के प्रति सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं। इस अवसर पर स्वीप मास्टर ट्रेनिंग नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व, नागरिकों के मौलिक अधिकार, वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं वोटर कार्ड संबंधी एप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे घरों में जाकर लोगों से मतदान की अपील करें।

## क्रेसेंट में मना विश्व विरासत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसेंट पब्लिक स्कूल फतेहाबाद में विश्व विरासत दिवस बड़े हषार्ेल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारत के प्रसिद्ध पुरातन धरोहर स्थलों को प्लेकाड्र्स के माध्यम से दर्शाते हुए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। हर्गुन तथा यशवी के मंच संचालन में विद्यार्थियों को भारत के विभिन्न धरोहर स्थलों से अवगत कराया गया। दीपांशी, अलविन, मोक्षिता, रीषिका ने प्राकृतिक स्थलों को संरक्षण हेतु सुविचार प्रस्तुत किये। अवनीत व रचित ने बताया कि इस वर्ष की वर्ल्ड हेरिटेज डे की थीम है 'विविधता की खोज और उसका अनुभव करना'। उन्होंने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि भारत में 42 विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से, 34 सांस्कृतिक हैं, सात प्राकृतिक हैं, और एक कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान मिश्रित प्रकार का है, जिन्हें बच्चों ने सुंदर-सुंदर प्लेकाड्र्स के माध्यम से दर्शाया। कुमुद द्वारा 'मात्र इन्हें न इमारत समझो' तथा गव्या द्वारा ' विरासत है हमारी' कविताओं के माध्यम से हमारी विरासत को संजोकर रखने का संदेश दिया। अरमान, सक्षम, सीरत तथा अक्षिता ने स्लोगन प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने की शपथ दिलाई। प्राचार्या पूनम ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व विरासत दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि चिंतन, कार्रवाई और प्रतिबद्धता का दिन है। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।



फतेहाबाद। क्रेसेंट स्कूल में विश्व विरासत दिवस पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## 10 मई किसान-मजदूर महापंचायत : नथवान

**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनावों को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति द्वारा 10 मई को फतेहाबाद में किसान-मजदूर महापंचायत बुलाई गई है। यह जानकारी देते हुए पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा के राज्य अध्यक्ष मनदीप सिंह नथवान व राज्य महासचिव संदीप सिवाच ने कहा कि किसानों और मजदूरों के मुद्दे चुनाव के मुख्य मुद्दे बने और चुनाव प्रचार के केंद्र में रहे, इसको लेकर महापंचायत बुलाई गई है। इसके अलावा किसान आंदोलन के दौरान सरकार द्वारा किसानों पर किए गए जुल्म, लोगों के जहन में रहे, इसको लेकर किसान संघर्ष समिति ने फतेहाबाद अनाज मण्डी में यह महापंचायत आयोजित करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि इस महापंचायत में किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को भी बुलाया जाएगा। राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान ने बताया कि बीजेपी सरकार किसान आंदोलन से जुड़े लोगों को जेलो का डर दिखाकर धमका रही है।

## मोबाइल शॉप संचालक से लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ नशापूर्ति के लिए बी .कॉम पास युवक बन गया लुटेरा

डबवाली रोड स्थित एक मोबाइल शॉप से बीती 15 अप्रेल को पिस्तौल के बल पर हुई हजारों रुपए की लूटपाट करने के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अमन बैनीवाल ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान संदीप कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी चतरगढ़पट्टी सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल, बाइक तथा लूटी गई राशि बरामद की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किया गया युवक बी.कॉम पास है और नशे करने का आदी है। थाना प्रभारी ने बताया कि नशे की पूर्ति के लिए ही उसने इस वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि इस वारदात पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने सीआईए सिरसा तथा सिविल लाइन थाना की पुलिस टीमों का गठन कर इस वारदात को शीघ्र अति शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में मोबाइल शॉप संचालक रमेश कुमार निवासी विष्णु कॉलोनी, सिरसा की शिकायत पर केस दर्ज किया है।


सिरसा। लूट का अरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

## अनीता रानी जिलाध्यक्ष व चरणजीत वर्मा चुने गए जिला मंत्री


**सिरसा।** भारतीय मजदूर संघ जिला सिरसा का अधिवेशन पीडब्ल्यूडी कार्यालय में संगठन की रीति नीति अनुसार सर्वसम्मति से संपन्न हुआ जिसमें मंच संचालन जिला मंत्री सुरेश ने किया। अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला, भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश मंत्री देवीलाल गुराना, कृष्णलाल गुर्जर, भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीवन ठाकुर ने मुख्य रूप से शिरकत की व भारतीय मजदूर संघ से संबंधित सभी विभागों से आए हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों से अवगत करवाया। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष रामसिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया व अपनी कार्यकारिणी को भंग किया। नई कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला ने की, जिसमें अनीता रानी को जिलाध्यक्ष, चरणजीत वर्मा को जिला मंत्री, सुरेश को जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप शर्मा व अजय मेहता को जिला सहमंत्री, नरेश जांगड़ा को जिला कोषाध्यक्ष, सोनू कंबोज को जिला कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला ने भारतीय मजदूर संघ के शुरुआती दौर से लेकर आज 70 वर्ष पूर्ण होने वाले वर्ष तक की कार्ययोजना के बारे में बताया।

## जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक पहुंचे खारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जजपा की ओर से सिरसा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी रमेश खटक वीरवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ गांव खारियां पहुंचे जहां जेजेपी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष व रानियां हलकाध्यक्ष कुलदीप करीवाला के निर्देशन में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। प्रत्याशी रमेश खटक ने जेजेपी के शीर्ष नेताओं का उन्हें सिरसा संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाए जाने पर आभार जताया। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वे अभी से पूरी तत्परता से चुनावी समर में उतरें और जेजेपी की कल्याणकारी नीतियों को प्रचारित कर लोगों को जेजेपी प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील करें। खटक ने कहा कि जेजेपी पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की नीतियों व सिद्धांतों पर आधारित पार्टी है जिसके लिए मुख्य उद्देश्य जनसेवा और हरियाणा का विकास है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे 'यादा से 'यादा लोगों के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों को प्रचारित कर जेजेपी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उनके साथ रानियां हलकाध्यक्ष कुलदीप करीवाला, जेजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र कसवां, लक्की चौधरी, युवा जेजेपी के जिला महासचिव पंकज, कुलदीप महला, दलीप कुस्सर, पंकज मेंबर, शमशेर महम्मदपुरिया, कनीराम खिचड़ सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


सिरसा। जजपा प्रत्याशी रमेश खटक का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## खरीद केंद्रों पर ड्यूटी लगाने की अध्यापक संघ ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

डबवाली, रानियां, ऐलनाबाद ब्लॉकों में उपमंडल प्रशासन द्वारा अध्यापकों की विभिन्न अनाज खरीद केंद्रों पर ड्यूटियां लगाने की हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने कड़ी निंदा की है। संघ के जिला प्रधान छबीलदास ने कहा कि बीती एक अप्रेल से स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है और इस समय स्कूलों में नए दाखिले करना, एमआईएस अपडेट करना, पिछले सत्र के मुकाबले 25 प्रतिशत अधिक नामांकन बढ़ाना, नए सत्र में शिक्षण कार्य प्रभावी रूप से सुचारू करना आदि कायार्ें की भरमार है। इसके अलावा ईवीएम ट्रेनिंग आदि विभिन्न चुनावी कायार्ें में भी अध्यापकों की निरंतर ड्यूटियां लग रही हैं। ऐसे में अनाज खरीद केंद्रों पर अध्यापकों की ड्यूटियां लगाना सरासर शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने बताया कि आरटीई एक्ट के तहत राष्ट्रीय हित व आपातकालीन स्थितियों के अलावा अध्यापकों की गैर शैक्षणिक कायार्ें में ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती, लेकिन पहले से ही सैकड़ों अध्यापकों की बीएलओ व पीपीपी अपडेशन इत्यादि की ड्यूटियां लगाई हुई हैं। इसके अतिरिक्त बहुत से स्कूल मुखियाओं की एनडीपीएस चैकिंग अभियान व नाकों पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटियां लगाई गई हैं, जो कि अध्यापकों के मूल कार्य व शैक्षणिक गरिमा के साथ भद्दा मजाक है। सत्र की शुरुआत में ही अध्यापकों को बच्चों से दूर किया जा रहा है।

## मंडियों में हुई 1.78 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की आवक

**सिरसा।** जिला की अनाज मंडियों में अब तक एक लाख 78 हजार 233 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा उठान का कार्य भी जारी है। उपायुक्त आरके सिंह ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में एक लाख 78 हजार 233 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें से मुख्यतः खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 38 हजार 351 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 9 हजार 879 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कापार्ेरेशन द्वारा 30 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि सिरसा मंडी में 24 हजार 486 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 9 हजार 258 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में छह हजार 964 मीट्रिक टन, रानियां मंडी में 11 हजार 212 मीट्रिक टन, जीवननगर मंडी में 5 हजार 709 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 16 हजार 110 मीट्रिक टन, बणी में छह हजार 256 मीट्रिक टन, खारियां मंडी में 5 हजार 454 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 4 हजार 472 मीट्रिक टन, मल्लेकां मंडी में 5 हजार 152 मीट्रिक टन की आवक हुई।

## वोटर आईडी कार्ड का डिजिटल वर्जन डाउनलोड करना हुआ सरल

**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु की हुई है। मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। खास बात यह है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है। जिला के नए वोटर राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल ईसीआई.जीओवी.इन पर विजिट कर यह कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नए यूजर को पहले इस पोर्टल में अपना नाम रजिस्टर करना होगा। अब ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रैफरेंस नंबर को दर्ज करें। अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा।

## चयनित मरीजों का इलाज निःशुल्क होगा

# डेरा में लगा विकलांगता निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में वीरवार को डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक शाह मस्ताना महाराज की स्मृति में तीन दिवसीय निःशुल्क विकलांगता निवारण शिविर आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ डेरा सच्चा सौदा के चेयरमैन डॉ. पीआर नैन सहित प्रबंधकीय समिति के सदस्यों ने किया। शिविर के पहले दिन मरीजों की जांच की गई जबकि कल दूसरे व तीसरे दिन चयनित मरीजों के ऑपरेशन शाह सतनाम स्पेशलिटी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। डेरा सच्चा सौदा के चेयरमैन डॉ. पीआर नैन ने कहा शाह सतनाम जी रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन सिरसा की ओर से आयोजित इस कैंप में चयनित मरीजों के ऑपरेशन, ऑपरेशन से पूर्व जांच, एक्सरे, दवाएं व कैलीपर आदि निःशुल्क दिए जाएंगे। कैंप में पीजीआई रोहतक के रिटायर्ड डायरेक्टर डॉ. एस.एस. सांगवान, मानसा से डॉ. पंकज शर्मा, हिसार से डॉ. संजय अरोड़ा, मानसा से डॉ. सीमा शर्म सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।


सिरसा। शिविर में मरीजों की जंच करते हुए चिकित्सक।